संचार सेवाओं के बुद्धिमानीपूर्ण

सुझाव

# उपयोग पर उपभोक्ता सुझाव




通訊事務管理局
COMMUNICATIONS
AUTHORITY

## सुझाव 01 अपने मोबाइल फोन के डेटा को सुरक्षित रखें

- अपने मोबाइल फोन और उपयोगकर्ता खाते तक पहुंचने के लिए अक्षरों, संख्याओं और प्रतीकों से बना एक "प्रबल पासवर्ड" बनाएं।
- विभिन्न कार्यों और उपयोगकर्ता खातों के लिए एक ही पासवर्ड का प्रयोग न करें।
- वायरस और चोरी के विरुद्ध सुरक्षा सॉफ्टवेयर स्थापित करें।
- किसी भी अज्ञात स्रोत से ऐप्स या दस्तावेज़ डाउनलोड न करें या संदिग्ध स्रोतों की लिंक, वेबपृष्ठ या QR कोड न खोलें।
- ऐप्स को अपने मोबाइल फोन में संग्रहीत जानकारी तक पहुंचने की अनुमति न दें।
- नवीनतम संस्करण की मोबाइल संचालन प्रणाली जल्द ही शुरु करें।
- पुराने फोन को बेचने या बदलने से पहले उसके सभी विवरण (डेटा) हटा दें।
- नियमित रूप से अपने मोबाइल फोन के विवरण सुरक्षित करें।
- जब भी आपको अन्य उपकरणों के साथ इंटरनेट साझा करने की आवश्यकता नहीं है, तो टेदरिंग फ़ंक्शन को बंद कर दें (जिसे "पर्सनल हॉटस्पॉट" या "मोबाइल हॉटस्पॉट" भी कहा जाता है)



## सुझाव 02 मोबाइल डेटा सेवाओं का बुद्धिमानीपूर्ण उपयोग

वर्तमान में, कुछ संचालक असीमित मोबाइल डेटा सेवा योजनाओं की पेशकश करते हैं।इस प्रकार की सेवा योजना आमतौर पर उचित उपयोग नीति (एफयूपी) के अधीन होती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उपयोगकर्ताओं के पास मोबाइल डेटा सेवाओं का आनंद लेने का उचित अवसर है। यदि उपयोगकर्ता का डेटा उपयोग संचालक द्वारा अपने एफ यू पी के तहत लगाई गई निर्दिष्ट सीमा से अधिक हो जाती है, तो सेवा की अपलोड और डाउनलोड की गति काफी कम हो सकती है। इसलिए आपको सलाह दी जाती है:

- अनुबंध र हस्ताक्षर करने से पहले ऑपरेटर से अपने एफ यू पी के विवरण के बारे मे पूछें।
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि सेवा आपकी आवश्यकताओं के अनुरूप है,अनुबंध की शर्तों को ध्यान से जांचे।

यदि आप इंटरनेट तक पहुंचने के लिए वाई-फाई का उपयोग करते हैं, तो भी आपका मोबाइल फोन स्वतः ही मोबाइल डेटा सेवा (यानी 3 जी / 4 जी) का उपयोग कर सकता है जब वाई-फाई संकेत कमजोर होते हैं या कोई वाई-फाई कवरेज नहीं होता है। मोबाइल डेटा सेवा के अनजान उपयोग से बचने के लिए, आपको यह करना चाहिए:

- मोबाइल डेटा सेवा का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं होने पर मोबाइल डेटा प्रणाली को बंद कर दें
- जब आपको इसकी आवश्यकता नहीं होती है तो वाई-फाई सहायक प्रणाली को बंद कर दें
- यह सुनिश्चित करने के लिए बार-बार जांचें कि इंटरनेट हेतु वाई-फाई का उपयोग करते समय आपके मोबाइल उपकरण मोबाइल डेटा सेवाओं का उपयोग तो नहीं करने लगे हैं
- यह देखने के लिए समय-समय पर अपने मोबाइल डेटा उपयोग की जांच करें कि उपयोग मात्रा में कोई असामान्य वृद्धि हुई है या नहीं



## सुझाव 03 डेटा रोमिंग शुल्क के बारे में सावधान रहें

यदि विदेश यात्रा के दौरान मोबाइल डेटा सेवा की **आवश्यकता नहीं है**, तो आप यह कर सकते हैं:

- संचालक से मोबाइल डेटा रोमिंग सेवा को निष्क्रिय करने का अनुरोध करें
- अपने मोबाइल फोन पर मोबाइल डेटा और डेटा रोमिंग दोनों सेवाओं को बंद कर दें

यदि विदेश यात्रा के दौरान मोबाइल डेटा सेवा की **आवश्यकता है**, तो आप यह कर सकते हैं:

- हांगकांग से प्रस्थान करने से पहले अपने संचालक के साथ मोबाइल डेटा रोमिंग सेवाओं, रोमिंग पार्टनर( सहयोगी ) और गंतव्य स्थान पर सेवा योजनाओं की उपलब्धता की जांच करें
- कम लागत या सीमित उपयोग के लिए रोमिंग सेवा योजना चुनने पर विचार करें
- दैनिक दर की डेटा रोमिंग योजना चुनते समय, ध्यान दें कि दैनिक शुल्क किस प्रकार लागू किया जाता है, इसकी शुरुआती और समाप्ति समय की जांच करें, क्या एक ही शुल्क सभी गंतव्यों पर लागू होता है, और क्या योजना केवल नामित नेटवर्क पर लागू होती है
- जेब मे रखने वाला वाई-फाई यंत्र किराए पर लेने या प्री -पेड मोबाइल डेटा सिम कार्ड खरीदने पर विचार करें जिसका उपयोग गंतव्य स्थान पर किया जा सकता है।

मोबाइल डेटा के उपयोग को कम करने के लिए, आप यह कर सकते हैं:

- कुछ ऐप्स में विशेष रूप से सोशल मीडिया ऐप्स मे स्वतःडाउनलोड या ऑटो प्ले सुविधाओं को निष्क्रिय कर दें
- ईमेल, ऐप्स और अन्य सॉफ़्टवेयर के लिए स्वचालित नवीनीकरण कार्यों को बंद कर दें



हांगकांग और मेनलैंड के बीच घनिष्ठ निकटता के कारण, मोबाइल फोन सीमावर्ती क्षेत्रों में मेनलैंड के मोबाइल नेटवर्क से स्वचालित रूप से जुड़ सकते हैं। डेटा रोमिंग सेवा के असावधानीवश उपयोग को रोकने के लिए, आप यह कर सकते हैं:

- जब आप हांगकांग में हों, तो अपने मोबाइल फोन पर मोबाइल डेटा रोमिंग सेवा बंद कर दें, या संचालक से मोबाइल डेटा रोमिंग सेवा को निष्क्रिय करने का अनुरोध करें
- मोबाइल फोन को मैन्युअल नेटवर्क चयन में यह सुनिश्चित करने के लिए समरूप करें कि यह निर्दिष्ट स्थानीय नेटवर्क से जुड़ा रहेगा

## सुझाव 04 संचार सेवा अनुबंधों को समझें

जुलाई 2011 से, निजी या आवासीय उपयोगकर्ता जो दूरसंचार सेवा अनुबंधों में प्रवेश करते हैं या अपने दूरसंचार सेवा अनुबंधों को नवीनीकृत करते हैं, उन्हे सभी प्रमुख मोबाइल नेटवर्क संचालकों द्वारा दूरसंचार सेवा अनुबंध ("उद्योग संहिता") के उद्योग संहिता के कार्यान्वयन के तहत बढ़ी हुई सुरक्षा प्रदान की जाती है। उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए मई 2015 से संशोधित उद्योग संहिता प्रभावी रही है।



संचार सेवा की सदस्यता लेने से पहले निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखें :

- निश्चित करें कि सेवा आपकी आवश्यकताओं के अनुरूप है
- शुल्क और सेवा शर्तों को अच्छी तरह से जांचें
- केवल उपहार या छूट के लिए सेवा अनुबंध पर हस्ताक्षर न करें
- विभिन्न संचालकों के प्रस्तावों की तुलना करने के लिए कुछ समय लें
- जब तक अनुबंध के सभी विवरण आपको स्पष्ट न हों तब तक सेवा अनुबंध पर हस्ताक्षर न करें

# सुझाव 05 व्यापार विवरण अध्यादेश के तहत उपभोक्ताओं का संरक्षण

- व्यापार विवरण अध्यादेश (TDO) की उचित व्यापार संबंधी धाराएं अनुचित व्यापार प्रथाओं को प्रतिबंधित करती हैं, जिनमें निम्न शामिल हैं :
  - गलत व्यापारिक विवरण
  - भ्रामक चूक
  - आक्रामक वाणिज्यिक व्यवहार
  - प्रलोभन वाले विज्ञापन
  - प्रलोभन और परिर्वतन
  - गलत तरीके से स्वीकार भुगतान
- आम तौर पर, अनुबंधित विवाद और ग्राहक सेवा की गुणवत्ता से संबंधित मामले TDO के दायरे से बाहर हैं
- प्रसारण या दूरसंचार लाइसेंसधारक द्वारा TDO के उचित व्यापार संबंधी धाराओं के संदिग्ध उल्लंघन की रिपोर्ट आप संचार प्राधिकरण कार्यालय (OFCA) मे कर सकते हैं।
- OFCA की जांच के लिए, शिकायतकर्ता की सहायता बहुत महत्वपूर्ण है। शिकायत :
  - जितनी जल्दी हो सके शिकायत की रिपोर्ट करें;
  - शिकायत के लिए प्रासंगिक दस्तावेज़ों को रखें और प्रदान करें (जैसे अनुबंध, बिल, प्रीपेड कार्ड पैकेज, विज्ञापन, पत्राचार, विक्रेता के पहचान दस्तावेज आदि); तथा
  - OFCA को गवाह का बयान प्रदान करना, और जहां आवश्यक हो, अदालत की कार्यवाही में अभियोजन पक्ष का गवाह बनना।



सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क विभाग TDO को लागू करने वाली प्रमुख एजेंसी है। ब्रॉडकास्टिंग अध्यादेश या दूरसंचार अध्यादेश के तहत प्रसारण या दूरसंचार सेवा के प्रावधान के संबंध में लाइसेंसधारकों मे TDO की उचित व्यापार संबंधी धाराओं को लागू का समवर्ती क्षेत्राधिकार संचार प्राधिकरण को प्रदान दिया गया है।

अधिक जानकारी निम्न हाइपरलिंक के माध्यम से मिल सकती है:
https://www.ofca.gov.hk/en/contact_us/support/hindi/index.html

